**Series BRH**

कोड नं. **32/1**
Code No.

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **36** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages **+ 2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **36** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

## संकलित परीक्षा – II

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* कुल **36** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(ii)* प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न **एक-एक** अंक के हैं । प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं । सही विकल्प को अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **17** से **29** तक के प्रश्न **तीन-तीन** अंकों के हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **30** से **34** तक के प्रश्न **चार-चार** अंकों के हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **35** मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न **2** अंक का इतिहास में से है और प्रश्न संख्या **36** मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न **3** अंक का भूगोल में से है ।

*(vii)* भरे हुए मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए ।

**General Instructions :**

*(i)* *There are **36** questions in all. All questions are compulsory.*

*(ii)* *Marks for each question are indicated against the question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1** to **16** are Multiple Choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your Answer-book*

*(iv)* *Questions from serial number **17** to **29** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v)* *Questions from serial number **30** to **34** are **4** marks questions. Answers of these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi)* *Question number **35** is a map question of **2** marks from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography.*

*(vii)* *Attach the filled up maps inside your answer book.*

1. सन् 1815 में वियना सम्मेलन की मेज़बानी निम्नलिखित में से किसने की ? *1*

(A) नीदरलैण्ड्स के राजा

(B) ज्युसेपे मेत्सिनी

(C) ड्यूक मैटरनिख

(D) ऑटो वॉन बिस्मार्क

**अथवा**

वियतनाम में वर्ष 1907 में टोंकिन फ्री स्कूल क्यों खोला गया ? *1*

(A) आधुनिक शिक्षा देने के लिए

(B) पश्चिमी ढंग की शिक्षा देने के लिए

(C) केवल वियतनाम के लोगों को शिक्षा देने के लिए

(D) फ्रान्सीसी बच्चों को शिक्षा देने के लिए

Who, among the following, hosted the Congress at Vienna in 1815 ?

(A) King of Netherlands

(B) Giuseppe Mazzini

(C) Duke Metternich

(D) Otto Von Bismarck

**OR**

Why was the Tonkin Free School started in 1907 in Vietnam ?

(A) To provide modern education

(B) To provide western-style education

(C) To provide education to Vietnamese only

(D) To provide education to French children

2. 1832 की 'कुस्तुनतुनिया की सन्धि' के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से सही क्या है ? *1*

(A) इसने तुर्की को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दी ।

(B) इसने यूनान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी ।

(C) इसने जर्मनी को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी ।

(D) इसने फ्रांस को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी ।

**अथवा**

वियतनाम में 'होआ हाओ आंदोलन' का संस्थापक निम्नलिखित में से कौन था ? *1*

(A) फान चू त्रिह्न

(B) लियांग किचाओ

(C) फान बोई चाऊ

(D) हुइन्ह फू सो

Which one of the following is true about the 'Treaty of Constantinople' of 1832 ?

(A) It recognised Turkey as an independent nation.

(B) It recognised Greece as an independent nation.

(C) It recognised Germany as an independent nation.

(D) It recognised France as an independent nation.

**OR**

Who, among the following, was the founder of 'Hoa Hao Movement' in Vietnam ?

(A) Phan Chu Trinh

(B) Liang Qichao

(C) Phan Boi Chau

(D) Huynh Phu So

3. निम्नलिखित में से किस समझौते से 'दमित वर्ग' को प्रान्तीय एवं केन्द्रीय विधायी परिषदों में आरक्षित सीटें मिलीं ? *1*

(A) लखनऊ समझौता

(B) गांधी – इरविन समझौता

(C) पूना समझौता

(D) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following agreements gave reserved seats to the 'Depressed Classes' in Provincial and Central Legislative Councils ?

(A) Lucknow Pact

(B) Gandhi – Irwin Pact

(C) Poona Pact

(D) None of these

4. अक्टूबर 1929 में निम्नलिखित में से किस वायसराय ने भारत के लिए 'डोमीनियन स्टेटस' का गोलमोल सा ऐलान किया ? *1*

(A) लॉर्ड माउंटबेटेन

(B) लॉर्ड डलहौज़ी

(C) लॉर्ड इरविन

(D) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following Viceroys announced a vague offer of 'dominion status' for India in October 1929 ?

(A) Lord Mountbatten

(B) Lord Dalhousie

(C) Lord Irwin

(D) None of these

5. निम्नलिखित में से कौनसा एक अधात्विक खनिज है ?

(A) सीसा

(B) ताँबा

(C) टिन

(D) चूनापत्थर

Which one of the following is a non-metallic mineral ?

(A) Lead

(B) Copper

(C) Tin

(D) Limestone

6. निम्नलिखित में से कौनसा नगर भारत की 'इलेक्ट्रॉनिक राजधानी' के रूप में उभरा है ?

(A) दिल्ली

(B) कोलकाता

(C) बंगलौर

(D) हैदराबाद

Which one of the following cities has emerged as the 'electronic capital' of India ?

(A) Delhi

(B) Kolkata

(C) Bangalore

(D) Hyderabad

7. किस आधार पर औद्योगिक क्षेत्रक सार्वजनिक और निजी क्षेत्रकों के रूप में विभाजित है ? *1*

(A) रोज़गार की शर्तों

(B) आर्थिक गतिविधि के स्वभाव

(C) उद्यमों के स्वामित्व

(D) उद्यम में नियोजित श्रमिकों की संख्या

On what basis is the industrial sector classified into public and private sectors ?

(A) Employment conditions

(B) The nature of economic activity

(C) Ownership of enterprises

(D) Number of workers employed in the enterprise

8. निम्नलिखित राज्यों में से किस एक में सड़क घनत्व सबसे अधिक है ? *1*

(A) गोवा

(B) केरल

(C) कर्नाटक

(D) गुजरात

Which one of the following states has the highest road density ?

(A) Goa

(B) Kerala

(C) Karnataka

(D) Gujarat

**9.** निम्नलिखित राज्यों में से किस एक में 'शिव सेना' एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल के रूप में अस्तित्व में है ? *1*

(A) गुजरात

(B) कर्नाटक

(C) महाराष्ट्र

(D) मध्य प्रदेश

In which one of the following states does 'Shiv Sena' exist as a regional political party ?

(A) Gujarat

(B) Karnataka

(C) Maharashtra

(D) Madhya Pradesh

**10.** निम्नलिखित सुविधाओं में से कौनसी एक चुनाव आयोग द्वारा मान्यता-प्राप्त राजनीतिक दल को प्रदान की जाती है ? *1*

(A) दल का नाम

(B) घोषणा-पत्र

(C) चुनाव चिह्न

(D) चुनाव के लिए पैसा

Which one of the following facilities is offered by the Election Commission to a recognized political party ?

(A) Party Name

(B) Manifesto

(C) Election Symbol

(D) Election Funds

**11.** निम्नलिखित देशों में से किस एक में तानाशाही की तुलना में लोकतंत्र को प्राथमिकता ***नहीं*** दी जाती है ? *1*

(A) बंग्लादेश

(B) पाकिस्तान

(C) श्री लंका

(D) भारत

In which one of the following countries is democracy ***not*** preferred over dictatorship ?

(A) Bangladesh

(B) Pakistan

(C) Sri Lanka

(D) India

**12.** निम्नलिखित देशों में से किस एक में संघीय सरकार प्रणाली है ? *1*

(A) कांगो

(B) सूडान

(C) दक्षिण अफ्रीका

(D) तन्ज़ानिया

Which one of the following countries has a federal system of government ?

(A) Congo

(B) Sudan

(C) South Africa

(D) Tanzania

13. निम्नलिखित खातों में से किस एक में बैंक उच्च दर से ब्याज प्रदान करते हैं ? *1*

(A) बचत खाता

(B) चालू खाता

(C) लम्बी अवधि की सावधि जमाएँ

(D) बहुत अल्प अवधि की सावधि जमाएँ

Banks provide a higher rate of interest on which one of the following accounts ?

(A) Saving account

(B) Current account

(C) Fixed deposits for long period

(D) Fixed deposits for very short period

14. भारत में अमीर शहरी परिवारों के लिए निम्नलिखित में से ऋण का प्रमुख स्रोत कौनसा है ? *1*

(A) औपचारिक क्षेत्रक

(B) अनौपचारिक क्षेत्रक

(C) साहूकार

(D) व्यापारी

Which one of the following is the main source of credit for rich urban households in India ?

(A) Formal sector

(B) Informal sector

(C) Moneylenders

(D) Traders

**15.** निम्नलिखित में से कौनसी 'विशेष आर्थिक क्षेत्र' की विशेषता ***नहीं*** है ? *1*

(A) उन्हें लम्बी अवधि तक कोई कर नहीं देना पड़ता है ।

(B) सरकार ने श्रम कानूनों में लचीलापन लाने की अनुमति दे दी है ।

(C) उनमें विश्व स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध हैं ।

(D) उन्हें प्रारंभिक पाँच वर्षों तक कोई कर नहीं देना पड़ता है ।

Which one of the following is ***not*** a characteristic of 'Special Economic Zone' ?

(A) They do not have to pay taxes for a long period.

(B) Government has allowed flexibility in labour laws.

(C) They have world class facilities.

(D) They do not have to pay taxes for an initial period of five years.

**16.** निम्नलिखित में से किसके लिए शब्द-चिह्न (लोगो) 'हॉलमार्क' का उपयोग किया जाता है ? *1*

(A) कृषीय उत्पाद

(B) आभूषण

(C) बिजली का सामान

(D) इलेक्ट्रॉनिक सामान

'Hallmark' is used as a logo for which one of the following ?

(A) Agricultural products

(B) Jewellery

(C) Electrical goods

(D) Electronic goods

**17.** 'इटली के एकीकरण' की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । *3*

**अथवा**

वियतनाम में कृषि विकास के लिए फ्रांसीसियों द्वारा उठाए गए किन्हीं तीन उपायों का वर्णन कीजिए । *3×1=3*

Describe the process of 'Unification of Italy'.

**OR**

Describe any three steps taken by the French to develop agriculture in Vietnam.

**18.** उन परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए, जिनमें गांधीजी ने 1931 में सविनय अवज्ञा आंदोलन को वापस लेने का निर्णय लिया । 3

Explain the circumstances under which Gandhiji decided to call off the Civil Disobedience Movement in 1931.

**19.** लोहा और इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग क्यों कहा जाता है ? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए । $3\times1=3$

Why is iron and steel industry called the basic industry ? Explain any three reasons.

**20.** भारतीय रेलों द्वारा अपनी कार्य-प्रणाली में किए गए सुधारों की व्याख्या कीजिए । 3

Explain the improvements made by the Indian Railways in its functioning.

**21.** वायु परिवहन के किन्हीं चार गुणों और किन्हीं दो अवगुणों का उल्लेख कीजिए । $2+1=3$

Mention any four merits and any two demerits of air transport.

**22.** नेपाल के 'लोकतंत्र के लिए हुए दूसरे लोकप्रिय आंदोलन' का वर्णन कीजिए । 3

Describe the 'second popular movement for democracy' of Nepal.

**23.** दबाव समूह और आंदोलन किस प्रकार राजनीति पर दबाव डालते हैं ? एक उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । 3

How do pressure groups and movements exert pressure on politics ? Explain with an example.

**24.** भारत में राज्य स्तरीय अथवा क्षेत्रीय राजनीतिक दल किस प्रकार संघवाद और लोकतंत्र को मज़बूत करने में योगदान करते हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । $3\times1=3$

How do state or regional political parties contribute in strengthening federalism and democracy in India ? Explain with examples.

**25.** विश्व में कुछ देश किस प्रकार लोकतंत्र की बुनियादी आधार बनाने की चुनौती का सामना कर रहे हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । $3\times1=3$

How are some countries in the world facing foundational challenge of democracy ? Explain with examples.

**26.** विदेशी व्यापार संसार में विभिन्न देशों के बाज़ारों को किस प्रकार जोड़ता रहा है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । $3\times1=3$

How has foreign trade been integrating markets of different countries in the world ? Explain with examples.

**27.** "सूचना और संचार प्रौद्योगिकी ने विभिन्न देशों के बीच उत्पादों और सेवाओं के प्रसार में मुख्य भूमिका निभाई है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । *3*

"Information and communication technology has played a major role in spreading out products and services across countries." Support the statement.

**28.** 'उपभोक्ता सुरक्षा परिषदें', किस प्रकार उपभोक्ताओं की मदद करती हैं ? तीन तरीके स्पष्ट कीजिए । *3×1=3*

How do 'Consumer Protection Councils' help consumers ? Explain three ways.

**29.** उन परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए, जिनके अन्तर्गत बाज़ार उचित ढंग से कार्य नहीं करते हैं । *3×1=3*

Explain the circumstances under which markets do not work in a fair manner.

**30.** फ्रांसीसी लोगों के बीच सामूहिक पहचान की भावना पैदा करने के लिए फ्रांसीसी क्रान्तिकारियों द्वारा शुरू किए गए किन्हीं चार उपायों का वर्णन कीजिए । *4×1=4*

**अथवा**

वियतनाम में उपनिवेशी शिक्षा के क्षेत्र में फ्रांसीसियों के सामने दो प्रमुख समस्याएँ क्या थीं ? उन्होंने इन समस्याओं को हल करने के लिए किस प्रकार प्रयास किए ? स्पष्ट कीजिए । *1+3=4*

Describe any four measures which were introduced by the French Revolutionaries to create a sense of collective identity amongst the French people.

**OR**

Which were the two major problems before the French in the field of colonial education in Vietnam ? How did they try to solve these problems ? Explain.

**31.** अल्लूरी सीताराम राजू कौन थे ? विद्रोहियों को गांधीजी के विचारों से प्रेरित करने में उनकी भूमिका को स्पष्ट कीजिए । *1+3=4*

Who was Alluri Sitaram Raju ? Explain his role in inspiring the rebels with Gandhiji's ideas.

**32.** खनिज संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ? खनिज संसाधनों के संरक्षण की किन्हीं तीन विधियों को स्पष्ट कीजिए । *1+3=4*

Why is conservation of mineral resources essential ? Explain any three methods of conserving mineral resources.

**33.** किन्हीं चार तरीकों को स्पष्ट कीजिए, जिनमें लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ असमानता और गरीबी को कम करने में समर्थ रही हैं । *4×1=4*

Explain any four ways in which democracies have been able to reduce inequality and poverty.

**34.** भारत में कौनसी सरकारी संस्था ऋणों के औपचारिक स्रोतों की कार्यप्रणाली पर नज़र रखती है ? इस संस्था की कार्यप्रणाली को स्पष्ट कीजिए । *1+3=4*

Which government body supervises the functioning of formal sources of loans in India ? Explain its functioning.

**35.** दो लक्षण – A और B, **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गईं रेखाओं पर लिखिए : *2×1=2*

A. वह स्थान, जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में हुआ था ।

B. वह स्थान, जहाँ सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारम्भ हुआ था ।

**अथवा**

निम्नलिखित लक्षणों को **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके सही नाम लिखिए : *2×1=2*

(i) चम्पारन – वह स्थान, जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन हुआ ।

(ii) खेड़ा – वह स्थान, जहाँ किसानों का सत्याग्रह हुआ ।

Two features – A and B, are marked in the given political outline map of **India** (on page 17). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. The place, where the Indian National Congress Session was held in 1927.

B. The place, where the Civil Disobedience Movement was started.

**OR**

Locate and label the following features with appropriate symbols on the same political outline map of **India** (on page 17) :

(i) Champaran – The place where the movement of Indigo Planters took place.

(ii) Kheda – The place where the Peasant Satyagraha was held.

36. तीन लक्षण A, B और C **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) पर अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गईं रेखाओं पर लिखिए : *3×1=3*

A. अभ्रक खानें

B. सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

C. राष्ट्रीय महामार्ग संख्या 7 का अन्तिम स्टेशन

**अथवा**

निम्नलिखित लक्षणों को **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) पर उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) भिलाई – लोहा और इस्पात संयंत्र

(ii) नरोरा – आण्विक शक्ति संयंत्र

(iii) कांडला – समुद्री पत्तन

Three features A, B and C are marked in the given political outline map of **India** (on page 19). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A. Mica mines

B. Software Technology Park

C. Terminal Station of N.H. 7

**OR**

Locate and label the following features with appropriate symbols on the same political outline map of **India** (on page 19) with appropriate symbols :

(i) Bhilai – Iron and Steel Plant

(ii) Narora – Nuclear Power Plant

(iii) Kandla – Sea Port

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 35 और 36 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Blind Candidates** only, in lieu of Q. No. 35 and 36 :*

**35.** (35.1) सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हुए अधिवेशन के स्थान का नाम बताइए ।

(35.2) किस स्थान पर सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरूआत हुई ? *1+1*

(35.1) Name the place, where the Indian National Congress session was held in September 1920.

(35.2) At which place was the Civil Disobedience Movement started ?

**36.** (36.1) भिलाई लोहा और इस्पात संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

(36.2) कर्नाटक राज्य में स्थित किसी एक प्रौद्योगिकी पार्क का नाम बताइए ।

(36.3) भारत के सबसे दक्षिणी प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम बताइए । *1+1+1*

(36.1) In which state is Bhilai Iron and Steel plant located ?

(36.2) Name any one Technology Park located in Karnataka state.


(36.3) Name the southern-most major sea port of India.

www.

For question no. 35 and 35 (**OR**) प्रश्न सं. 35 एवं 35 (**अथवा**) के लिए

## Outline Map of India (Political)

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)



For question no. 36 and 36 (**OR**) प्रश्न सं. 36 एवं 36 (**अथवा**) के लिए

## Outline Map of India (Political)

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

